PUNJAB KESARI, Delhi, 9.3.2020
Page No. 9, Size:(25.21)cms X (18.26)cms.

महिला दिवस पर शहर को मिले दो पिंक मेट्रो स्टेशन

- महिलाओं को दी जाएगी विशेष सुविधा
- बेबी फीडिंग रूम, बेबी डायपर चेंजिंग रूम और मेक अप, चेंजिंग रूम और सेल्फी प्वाइंट की सुविधा
- सभी मेट्रो स्टेशनों पर लगाई गई सेनेटरी नैपकिन वेंडिंग, निःशुल्क होगी सुविधा

शाह टाइम्स ब्यूरो

नोएडा। एनएमआरसी ने महिला मुसाफिरों के लिए अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर दो पिंक स्टेशन (सेक्टर-76 व परिचौक) का शुभारंभ किया। इसका अनवारण एनएमआरसी की प्रबंधन निदेशक रितु माहेश्वरी ने किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि राजीव गौबा (कैबिनेट सचिव, भारत सरकार) की पत्नी म्मी गौबा व आलोक टंडन,अवस्थपना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त ,उत्तर प्रदेश के पत्नी ना टंडन, गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में उपस्थित रहीं।

एक्वा लाइन के सेक्टर 76 और परी चौक मेट्रो स्टेशनों को पिंक स्टेशन बनाया गया है। इन स्टेशनों पर एक्वा लाइन की महिला यात्रियों के लिए कई अतिरिक्त सुविधाएं उपलब्ध हैं। जिसमे बेबी फीडिंग रूम, बेबी डायपर चेंजिंग रूम और मेक अप, चेंजिंग रूम और सेल्फी प्वाइंट, जो महिला यात्रियों के लिए आवागमन को आसान बनाएगा। ये सभी सुविधाएं सभी महिला यात्रियों के लिए पूरी तरह से मुफ्त में उपलब्ध हैं। इन दोनों स्टेशनों के अलावा एक्वा लाइन के सभी 21 स्टेशनों पर सेनेटरी नैपकिन वेंडिंग मशीनें भी लगाई गई हैं। ये मशीनें सेनेटरी नैपकिन को मुफ्त में वितरित करेंगी। महिलाओं को इस सुविधा का उपयोग करने के लिए कोई भुगतान करने की आवश्यकता नहीं है। इस मशीन को संचालित करने के टोकन सभी स्टेशनों के कस्टमर केयर काउंटर पर उपलब्ध होंगे। इसके अलावा जल्द ही तीन और स्टेशनों को पिंक स्टेशन बनाया जा सकता है।

दोनों स्टेशनों पर महिलाओं का है स्टॉफ: एनएमआरसी की प्रबंध निदेशिका रितु माहेश्वरी ने कहा कि एनएमआरसी में कुल कर्मचारियों की संख्या का 20-25 प्रतिशत हिस्सा महिलाआ स्टॉफ का है। वे मेट्रो के किसी भी स्तर पर पुरुषों के बराबर हैं चाहे वह मेट्रो ट्रेनों को चलना हों, स्टेशन की गतिविधियों को नियंत्रित करना हो, रखरखाव कार्य, रोलिंग स्टॉक एंड ट्रैक्शन, सिविल, ओएचई, ऑपरेशन कंट्रोल सेंटर का कार्य हो। सेक्टर-76 व प्ररिचौक मेट्रो स्टेशनों पर पूर्ण स्टॉफ महिलाओं का है।